# आगामी लोकसभा और नगर निगम के चुनाव भाजपा पूरे बहुमत के साथ जीतेगी : धामी

**-चुनाव में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी : वानथी श्रीनिवासन**
**-निगम चुनाव में महिलाओं को 50 फीसद आरक्षण दिया जाएगा : महेंद्र प्रसाद भट्ट**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। महिलाएं अब अबला नहीं सबला है, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए।
यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्ग आश्रम में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय कार्यसमिति में कही। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में महिलाओं के दम पर जहां वर्ष 2024 में राज्य की सभी लोकसभा सीटों को जीतेगी वहीं प्रदेश में होने वाले नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव में भी पूरा दमखम लगाएगी। क्योंकि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सबसे ऊंचा स्थान है। इसके लिए महिला मोर्चा केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को लेकर बूथ स्तर तक जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा को लेकर पूरे प्रदेश में जहां अनेक कार्य किए हैं वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत गौरा देवी कन्या धन योजना के चलते मैदानी क्षेत्रों में भी कक्षा नौवीं की छात्राओं को 2850 साइकिल उपलब्ध कराई गईं। साथ ही आशा संगिनी एप भी लॉन्च किया गया है, जिसमें आशा बहनों को ऑनलाइन वेतन दिया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग का काम भी राज्य सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए गौरव शक्ति की शुरूआत की गई है।
महिलाओं को सशक्त और समर्थ समाज देने के उद्देश्य को लेकर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 7 करोड़ की धनराशि का भी आवंटित कर दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने 1 वर्ष में हर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए वृद्धावस्था और जीवन पेंशन की राशि को बढ़ाकर ?500 प्रतिमाह कर दिया है। उन्होंने बताया कि नंदा गौरा की सौगात के चलते प्रदेश में 323 करोड़ की धनराशि हजारों बालिकाओं को दिए जाने का प्रावधान भी किया है।
स्वस्थ सशक्ति के चलते प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सरकार ने 4944 महिलाओं को लाभ मिला है, जिसमें डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खातों में 115 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है। महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत हजारों महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। इतना ही नहीं रक्षाबंधन जैसे पर्व पर परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को मुफ्त सफर किए जाने की सौगात दी गई है।

# देह व्यापार में तीन आरोपित गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पछवादून क्षेत्र में देह व्यापार पर रोक नहीं लग पा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को देह व्यापार संचालन में लगे 3 आरोपितों को गिरफ्तार और 15 पीड़ितों का रेस्क्यू किया गया है। घटनास्थल से पुलिस को 573 ग्राम चरस भी मिली है। यह कार्रवाई थाना सहसपुर,एंटी मन ट्रैफिकिंग यूनिट व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने सहसपुर स्थित संजीवनी रिजॉर्ट में छापेमारी कर की। सहसपुर में संजीवनी रिजॉर्ट होरोवाला में आने वाले ग्राहकों को अवैध रूप मादक पदार्थों का सेवन कराने और अनैतिक देह व्यापार की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डालनवाला के नेतृत्व में एंटी मन ट्रैफिकिंग यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना सहसपुर की संयुक्त टीम ने संजीवनी रिजॉर्ट होरोवाला में दबिश दी।पुलिस टीम ने रिजॉर्ट के एक कमरे से हेमंत को



**8 पुलिस टीम ने रिजॉर्ट के एक कमरे से हेमंत को 573 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया**

573 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। रिजार्ट के अन्य कमरों की तलाशी लेने पर अलग-अलग कमरों से कुल 15 युवतियां आपत्तिजनक वस्तुओं के साथ मिलीं, जिनसे पूछताछ में उन्होंने बताया कि संजय नाम का व्यक्ति हमारे ग्रुप को यहां डांस करने के लिए लेकर आता है और दबाव बनाकर हमसे गलत काम भी कराता है। पुलिस ने मौके से होटल के रिसेप्शनिस्ट दीपक और युवतियों को परिवहन कर लाने वाले ड्राइवर राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### केएफसी का नया चिकन रोल खाईये केवल 99रु. में

**देहरादून।** जीवन विकल्पों के बारे में है लेकिन फूडीज की एक सबसे बड़ी मुश्किल है स्वाद और बजट में से एक को चुनना अपना पसंदीदा खाना ऑर्डर करें या पैसे बचाएं, यह दुविधा हर किसी के मन में आती है। आज की जनरेशन अक्सर इस मुश्किल में रहती है कि मुझे यह खाना है, क्योंकि यह स्वादिष्ट है और क्या इस पर इतना खर्च करें? कर्नल सैंडर्स ऑल-न्यू केएफसी चिकन रोल के साथ इस दुविधा का हल लेकर आए हैं। इस लेटेस्ट मेन्यू ऑफरिंग में स्वादिष्ट और क्रिस्पी चिकन केवल 99 रु. में उपलब्ध है। केएफसी चिकन रोल में है हैंड ब्रेडेड एक्स्ट्रा क्रिस्पी और ज्यूसी चिकन स्ट्रिप जो गर्मागर्म फ्लैकी पराठे में लपेटकर आता है मसालेदार गार्लिक और नैशविल सॉस एवं क्रिस्पी ओनियन के साथ। हर बाईट में स्वादिष्ट चिकन पेश करने वाले क्लासिक चिकन रोल का मूल्य 99 रु. और डबल चिकन रोल का मूल्य 149 रु. है। इसलिए केएफसी फैंस को अब अपनी चिकन खाने की चाहत और खर्च को लेकर कोई दुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। चाहे आप लंच का विकल्प चाहते हों, या डिनर, या फिर स्वादिष्ट मिड डे स्नैक, केएफसी चिकन रोल आपकी हर जरूरत के लिए अच्छा है, और अनबिलीवेबल प्राइस पर है। केएफसी की हर चीज की तरह ही यह नया स्वादिष्ट केएफसी चिकन रोल भी केएफसी के 5एक्स सुरक्षा प्रॉमिज सैनिटाईजेशन, स्क्रीनिंग, सोशल डिस्टैंसिंग, और वैक्सीनेटेड टीमों द्वारा कॉन्टैक्टलेस सर्विस के साथ उपलब्ध होगा। केएफसी रेस्टोरैंट में सभी सतहों और स्पर्श में आने वाले हिस्सों को नियमित रूप से सैनिटाईज किया जाता है, तथा टीम के सदस्यों और राईडर्स का तापमान नियमित तौर पर लेकर उनकी जाँच की जाती है। तो देर न करें, और जल्दी से अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरेंट में जाकर या बिल्कुल नए केएफसी ऐप या वेबसाइट पर केएफसी चिकन रोल का ऑर्डर करें। अब क्यों जाएं गोल-गोल, जब रु. 99 में मिलेगा केएफसी चिकन रोल ।

### माँ भवानी को मानने के साथ-साथ जानना भी आवश्यक है : कथा व्यास साध्वी अदिति भारती जी

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान देहरादून द्वारा रेसकोर्स में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास भागवताचार्या साध्वी विदुषी अदिति भारती जी ने बताया कि देवी भगवती माँ भवानी मात्र मानने का ही विषय नहीं है अपितु उन्हें जान लेना भी आवश्यक है। पूर्णरूपेण जान लेने के पश्चात की गई उनकी स्तुति से ही मानव मात्र का कल्याण सम्भव है। कार्यक्रम का शुभारम्भ आज मंचासीन भजन संगीतज्ञों द्वारा भावभीने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देते हुए किया गया। भजनों में- 1 इक छोटी सी मांग है मेरी, शेरांवालिए मेरी माँ........, 2 तेरे दर को मैं छोड़ कहां जांऊ, दूजा कोई और न दिखे.......... 3 हमको मन की शक्ति देना, मन विजय करें, दूसरों की जय से पहले खुद को जय करें......., 4 मार्ग में लूटें चार जणे......... इत्यादि मनभावन भजनों का गायन किया गया। मंच का संचालन करते हुए भजनों की सारगर्भित मिमांसा साध्वी विदुषी शालिनी भारती जी के द्वारा की गई। कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि श्री विनोद कण्डारी जी, विधायक विधानसभा देवप्रयाग, श्री अजय नागर जी, प्रांत संगठन महामंत्री विश्व हिन्दू परिषद, श्री सुधीर जी, प्रान्त विश्व समन्वय विभाग विश्व हिन्दू परिषद, श्री आलोक सिन्हा जी, महानगर अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, श्री अनिल वर्मा जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवभूमि पत्रकार यूनियन देहरादून तथा पदम्श्री जागर सम्राट डॉ. प्रीतम भरतवाण द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। आज की कथा का प्रारम्भ करते हुए कथा व्यास जी द्वारा बताया गया कि अनेक दुखों-कष्टों में व्यथित मानव समाज की इस दीनहीन दशा का कारण स्वयं को न जान पाना ही है। जब तक मनुष्य अपने भीतर विद्यमान असीम दैवीय शक्ति से सर्वथा अनभिज्ञ रहेगा तब तक वह एक अनजाने भय से सदा भयाक्रान्त ही रहेगा। शक्ति के पूर्ण जागरण में ही मानव की प्रत्येक समस्या का निवारण छुपा हुआ है। माँ की अवतरण लीलाओं में प्रथम आने वाली मधु कैटभ वध की लीला का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि मधु और कैटभ वास्तव में मनुष्य की दो मूल प्रवृत्तियां राग और द्वेष हैं। यह राग द्वेष ही मानव मन की घोर अशांति का मूल कारण हैं। इंद्रियों के विषयों में राग तथा द्वेष के चलते ही मानव शारीरिक तथा मानसिक रोगों से ग्रस्त रहता है और अनमोल जीवन पूंजी को व्यर्थ ही गंवाता चला जाता है। वैराग्य द्वारा ही मधु कैटभ रूपी असुरों का वध सम्भव है। वैराग्य की अनन्त शक्ति को रेखांकित करते हुए कथा व्यास जी ने सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र की गाथा को भक्तजनों समक्ष विस्तार से रखा। राजा हरिशचन्द्र की सत्य तथा त्याग गाथा को सुनकर उपस्थित भक्तजन भावविभोर हो गए। भक्तजनों ने राजा हरिशचन्द्र के प्रेरणादायक चरित्र से संघर्षों के बीच भी सदा मुस्कुराते हुए रहने का संदेश आत्मसात किया। राजा हरिशचन्द्र के अड़ोल चरित्र का निर्माण मुनि वशिष्ठ जी की शरणागत होने पर हुआ। ऐसे महान चरित्रों का निर्माण सदा पूर्ण सद्गुरू के कृपाहस्त तले ही हुआ करता है। साध्वी जी ने बताया कि दिव्य गुरू श्री आशुतोष महाराज जी ने आज चरित्र निर्माण के अमोघ सूत्र ब्रह्मज्ञान द्वारा चेतना के जागरण से विश्वभर में लाखों युवाओं को जाग्रत किया है।

## तत्काल प्रभाव से भंग हुई पछुवादून की कांग्रेस कार्यकारिणी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जिला कांग्रेस पछुवादून के अध्यक्ष ने पछुवादून की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।
पछूवादून की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने बताया कि जिला कांग्रेस पछुवादून की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन प्रारम्भ कर दिया गया है। शीघ्र ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा और जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श के उपरान्त नई कार्यकारिणी सहित सभी ब्लाक और नगर कांग्रेस की कमेटियों का गठन किया जायेगा।

## उत्तराखंड के श्री अन्न उत्पादकों को विशेष लाभ देने के उठाए जा रहे हैं कदम: जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया है। इसके मद्देनजर उत्तराखंड में पहली बार 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक मसूरी में कौसाम्ब और उत्तराखंड राज्य की ओर से मिलेट्स पर आधारित एक राष्ट्रीय सम्मेलन किया जा रहा है। इस बाबत कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मोटे अनाज (श्री अन्न) को प्रोत्साहित करने के तहत भाजपा शासित राज्यों में इस संबंध में विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। वे उत्तराखंड के कृषि मंत्री होने के साथ राज्य कृषि विपणन बोर्डों की राष्ट्रीय परिषद के चेयरमैन भी हैं।

**8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया है।**

उन्होंने विधानसभा में कौसाम्ब के 11 से 13 अप्रैल तक मिलेट्स की संभावनाएं और अवसर पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन के संबंध में पत्रकारों से बातचीत की। कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल सहित विभिन्न राज्य कृषि विपणन बोर्डों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के विभिन्न राज्य



कृषि विपणन बोर्डों अर्थात असम, गोवा, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर आदि से कुल 50-60 प्रतिनिधि भाग लेंगे ।
कृषि मंत्री ने बताया कि इस सम्मेलन में मिलेट्स पर काम करने के लिए एक मैनेज्ड वे विकसित करने के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन को भारतीय मिलेट्स अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, भारतीय चिकित्सा संयंत्र विपणन संघ, कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित एडी पोट्र्स ग्रुप के वरिष्ठ वैज्ञानिक सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मिलेट्स के बारे में विचारों का आदान-प्रदान होगा और तकनीक सत्रों में प्रतिनिधियों के बीच इस सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा होगी। इसके अलावा मिलेट्स की उपयोगिता और किसानों की आय को बढ़ाने के सम्बन्ध में भी इस सेमिनार में विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही सभी राज्यों के अतिथि, अपने-अपने राज्य में मिलेट्स पर हो रहे कार्यों को विस्तार से बताएंगे और मिलेट उपज को बढ़ावा दिये जाने के लिए क्या रणनीति अपनायी गयी है, इसे भी सभी प्रदेशों के साथ साझा करेंगे।
उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में पहली बार मिलेट की सम्भावनाओं और अवसर पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की गोष्ठी करवाने का मुझे सौभाग्य मिला है। इस कार्यक्रम के लिए कौसाम्ब के साथ उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है।

## एमडीडीए के अधिकारियों के साथ जोशी ने की बैठक

**8 मंत्री जोशी ने एमडीडीए को मसूरी विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में एमडीडीए के किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अवस्थापना निधि के विकास कार्यों की समीक्षा की।
मंत्री जोशी ने एमडीडीए को मसूरी विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़कें बनाएं वहां पानी की निकासी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ड्रीम प्रोजेक्ट राजपुर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के निर्माण कार्य तेजी के साथ ही तय समय सीमा के भीतर करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून के कनक चौक में देश के प्रथम सीडीएस स्व. जनरल बिपिन रावत की स्मृति में निर्मित स्मारक के अनावरण की तैयारियों को अंतिम रूप देने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

## 53 लाख रुपये बयाना लेकर प्रॉपर्टी डीलर हुआ फरार

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रापर्टी डीलिंग से अधिक रुपये कमाने के लालच में फंसकर कुछ लोगों ने लाखों रुपये गवां दिए। अब उन्होंने पुलिस से आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आजाद नगर लाइन नंबर 17 निवासी अफरोज कमाल ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसमें पीड़ित का कहना है कि चार साल पूर्व परिचित नसीर अहमद ने उनकी मुलाकात जाट पट्टी जसपुर निवासी चंद्रभान सिंह से हुई। कहना है कि आरोपित ने उसे प्रापर्टी डीलिंग में निवेश करने का झांसा दिया। इसके एवज में आरोपित ने लाभ का हिस्सा देने की बात कहते हुए इकरारनामा कर लिया।

## कोरोना के प्रकर पर उत्तराखंड पूरी तरह सतर्क: धन सिंह रावत



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं ऐसे में पूरे देश में सतर्कता बढ़ा दी गई है। उत्तराखंड की राजधानी भी इसमें शामिल है। दिल्ली, केरल , महाराष्ट्र और गुजरात जैसे कई राज्यों में लगातार बढ़ते कोरोना केसों के कारण सोमवार और मंगलवार को देशभर में स्वास्थ्य विभाग मॉक ड्रिल के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को परख रहा है।
उत्तराखंड की राजधानी दून में सोमवार स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल का दौरा कर खुद कोरोना से निपटने की तैयारियों को परखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में अभी कोरोना की स्थिति सामान्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आने वाले समय में कोरोना मरीजों की संख्या में वृद्धि होती है तो उस स्थिति से निपटने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं।
२२स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोनेशन में कोरोना मरीजों के लिए १०० बेड की सुविधा उपलब्ध है हमारे पास ऑक्सीजन, वेंटीलेटर बेड भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। दवाओं की कोई कमी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में अभी ३०-३५ के आसपास नए मरीज रोज मिल रहे हैं। कुछ लोगों की कोरोना के कारण मौत भी हुई है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा मामले देहरादून में सामने आ रहे हैं। भले ही स्थिति अभी सामान्य है, लेकिन स्थिति को देखते हुए उन्होंने जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।
देश में एक बार फिर कोरोना का प्रकोप बढ़ता दिख रहा है केरल और दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से कोरोना मरीजों की संख्या बड़ी है। बीते कल केरल में १८०० और दिल्ली में ६०० नए मामले आए हैं। देश भर में ७ लोगों की मौत हुई है।इसके चलते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों से १० और ११ अप्रैल को अपने राज्यों में मॉक ड्रिल के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं की जांच -परख करने को कहा गया था। स्वाथ्य मंत्री का कहना है कि हम अपनी तैयारियों को लेकर सतर्क है।

## पेशवाई मार्ग से पॉड कार रूट बदलने तक जारी रहेगा प्रदर्शन: सुनील

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में आज फिर कुम्भ पेशवाई मार्ग दूधाधारी से ज्वालापुर तक प्रस्तावित पॉड कार रूट के सर्वे के विरोध में टीम पॉड कार परियोजना से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ काली पट्टी बांधकर बस अड्डे के पास प्रदर्शन किया।
सेठी ने कहा कि बिना आकलन किये गलत डीपीआर तैयार करने वाली कम्पनी ने हरिद्वार की पौराणिकता, भौगोलिक परिस्थिति का ध्यान ही नहीं रखा। यह सीधा-सीधा हरिद्वार की पौराणिकता पर प्रहार है। उन्होंने समस्त अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि उन्हें महाकुंभ की पेशवाई की वीडियो देखनी



चाहिए। किस प्रकार अखाड़ों के संत-महात्माओं की पेशवाई और भव्य शोभा यात्राएं दूधाधारी से ज्वालापुर मार्ग से होती हुई हरकी पौड़ी स्नान के लिए आती हैं? कैसे इस मार्ग पर बड़े-बड़े पिलर और सड़क के बीचो बीच कोई योजना प्रस्तावित हो सकती है। जिला उपाध्यक्ष सुनील मनोचा और जिला सचिव पंकज माटा ने कहा कि यह विषय पर जो पौराणिकता के साथ जुड़ा है, परियोजना तैयार करने वाली कंपनी ने सही तरीके से रूट का आंकलन नहीं किया। कैसे सड़क के बीचो बीच इतनी बड़ी रुकावट का आंकलन नहीं किया गया। इसलिए इस रूट को बदलना करना आवश्यक है। इस प्रस्तावित रूट के बदले जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। महानगर अध्यक्ष जितेंद्र चौरसिया और महामंत्री नाथीराम सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विरोध जताने वालों में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नीरज जैन, सरदार रिंकल सिंह, मनोज ठाकुर, सोनू चौधरी, तरुण यादव,सरदार लक्की सिंह, धर्मपाल सिंह, भूदेव शर्मा,उमेश चौधरी, राजेश भाटिया, अजय चौरसिया, गणेश शर्मा, दीपक मेहता, उमेश कुमार, राहुल अरोड़ा, नितिन कुमार, राजीव शर्मा, अरुण कुमार उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा पर जाने वाली पहली बस दून वैली से कृष्णा की जाएगी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी 22 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली चारधाम यात्रा पर जाने वाली संयुक्त रोटेशन के अंतर्गत 15 सौ बसों की निकाली गई लॉटरी के दौरान पहली लाटरी दून वैली के कृष्णा पंत की निकली।
यह लॉटरी सोमवार को चारधाम यात्रा बस अड्डे पर संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री और कार्यकारी अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने नौ कंपनियों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में निकाली गई।15 सौ वाहनों की लॉटरी के दौरान पहली लॉटरी दून वैली की बस यूके 07



सीए- 12 13 जोकि कृष्णा पंत की निकली। दूसरी लॉटरी जीएमसीसी कंपनी की यूके 07-4827 संजय जुनेजा और तीसरी दून वैली की बस यूके00पी ए- 0643 हरमोहन सिंह के नाम रही।
उल्लेखनीय है कि संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति के अंतर्गत गढ़वाल- कुमाऊं मंडल में संचालित नौ कंपनियों कि लगभग 15 सौ बसें यात्रा के दौरान संचालित की जाती हैं, जिनकी व्यवस्था संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति और परिवहन निगम मिलकर करता है।
इसी को लेकर प्रतिवर्ष बसों को भेजे जाने के लिए वाहनों की लाटरी निकाली जाती है। उसके बाद ही बसों को यात्रा पर भेजा जाता है।
संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि आगामी 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके चलते 21 अप्रैल को यात्रा का उद्घाटन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां की जा रही है, लेकिन इससे पूर्व यात्रा पर जाने वाली क्रम से बसों के संचालकों को एकत्रित कर उनकी लॉटरी के हिसाब से उनका नंबर दे दिया जाता है। इसी क्रम में आज बसों की लॉटरी निकाली गई है।
इस अवसर पर अजय बधानी, बलबीर सिंह रौतेला, चंदन सिंह पंवार ,भोपाल सिंह नेगी, जितेंद्र नेगी, देवेंद्र रावत ,नवीन तिवारी, कुंवर सिंह रावत सहित सभी कंपनियों के संचालक भी मौजूद थे।

# भारतीय संस्कृति में आर्यसमाज का अहम योगदान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आर्य समाज हिन्दुस्तान की आत्मा में प्राण का संचार करने वाला वह आन्दोलन है, जिसने एक ओर शुद्ध वैदिक परम्परा में विश्वास करते हुए अन्धविश्वास , जातिगत भेदभाव को अस्वीकार कर सामाजिक जागरूकता का काम किया है। शिक्षा और राष्ट्रीयता को अपना समग्र जीवन देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का निर्माण किया।
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के सह-आचार्य डा. शिवकुमार चौहान ने आर्य समाज स्थापना दिवस के 148 वर्ष पूर्ण होने पर महिला सशक्तिकरण और नारी शिक्षा विषय पर छात्र कार्यशाला में यह



बात कही। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 1875 को आर्य समाज की स्थापना बंबई में स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी, जिसके 148 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आज देश में नारी सशक्तिकरण के लिए अनेक मुहिम और अभियान गतिमान है, लेकिन नारी शिक्षा से ही समृद्ध देश और समाज का निर्माण हो सकता है। यह विचारधारा लागू करने की मुहिम का मूल भी आर्य समाज है। इसका जागृत प्रमाण सत्यार्थ प्रकाश है।

## सीएसके के दो सबसे महंगे खिलाड़ी हुए चोटिल, अगले कुछ मैचों से रह सकते है बाहर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दो सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज दीपक चाहर चोटिल होने के चलते अगले कुछ मैचों से बाहर रह सकते हैं।



स्टोक्स चोटिल होने के कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखाड़े स्टेडियम में खेले गए मैच से बाहर रहे थे। इसी मुकाबले में टीम के तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। दीपक केवल एक ओवर ही फेंक पाए थे। हालांकि, सीएसके ने इन प्रमुख खिलाड़ियों के न होने के बाद भी मुंबई के खिलाफ सात विकेट से मैच जीत दर्ज की थी। सीएसके मैनेजमेंट ने रविवार को स्टोक्स और चाहर की इंजरी पर अपडेट जारी किया है। सीएसके ने कहा कि चाहर को शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लग गई थी। चोट के कारण मैदान से बाहर होने से पहले तेज गेंदबाज ने एक ओवर फेंका। टीम के चेन्नई लौटने के बाद चाहर की चोट का पता लगाने के लिए स्कैन किया जाएगा। सीएसके ने आगे कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स का मेडिकल स्टाफ दोनों खिलाड़ियों पर करीबी नजर रख रहा है और उनके ठीक होने के लिए हर संभव मदद करेगा।

## हरियाणा के बॉक्सरों के आगे झुका एसएआई: भिवानी का ट्रेनिंग सेंटर नहीं होगा बंद

**भिवानी।** हरियाणा के बॉक्सरों के आगे भारतीय खेल प्राधिकरण झुक गया। प्राधिकरण ने विरोध को देखते हुए भिवानी में बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर बंद करने का फैसला वापस ले लिया है। SAI ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह घोषणा की है।

ट्वीट कर लिखा है कि बॉक्सिंग का खेल भिवानी के ख्रद्ब प्रशिक्षण केंद्र का हिस्सा बना रहेगा। प्राधिकरण के इस फैसले का हरियाणा सरकार के साथ ही सभी खेल प्रेमियों ने स्वागत किया है।

हरियाणा के भिवानी जिले का यह बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर भारत के क्यूबा के रूप में जाना जाता है। यहां से लगभग 15 ओलंपियन मुक्केबाजों और सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग के गुर सीख कर पूरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है। भिवानी ने देश को ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर कुमार और अखिल कुमार, दिनेश कुमार और जितेंद्र सहित कई अन्य ओलंपियन मुक्केबाज दिए हैं। ट्रेनिंग सेंटर बंद किए जाने से ये खिलाड़ी और अन्य खेल प्रेमी नाखुश थे। भारतीय खेल प्राधिकरण (ख्रद्ब) की ऑपरेशन डिवीजन ने 5 अप्रैल को एक पत्र जारी किया था, जिसमें भिवानी स्थित ख्रद्ब केंद्र से मुक्केबाजी को ट्रांसफर करने की सूचना दी गई थी। इसके बाद से लगातार हरियाणा के बॉक्सर और राजनीतिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया जा रहा था। विरोध को देखते हुए प्राधिकरण ने अपना यह फैसला वापस ले लिया है। यहां ट्रेनिंग ले रहे खिलाड़ियों ने साई और राज्य और केंद्र सरकार को भिवानी में मुक्केबाजी जैसे खेल के लिए और अधिक सुविधाएं देने की मांग की है। क्योंकि बड़ी संख्या में खिलाड़ी शहर में साई केंद्र और अन्य अकादमियों में कोचिंग लेते रहे हैं। भिवानी में कोचिंग ले रहीं महिला मुक्केबाजों ने मांग की है कि एसएआई को लड़कियों के लिए एक हॉस्टल का निर्माण करना चाहिए।

## प्रियांशु राजावत ने जीता ऑरलियन्स मास्टर्स:मैग्नस जोहानसन को 21-15, 19-21, 21-16 से हराया, यह पहला सुपर 300 सीरीज खिताब

**ऑरलियन्स।** युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने ऑरलियन्स मास्टर्स का खिताब जीत लिया है। 21 साल के इस खिलाड़ी ने संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 19-21, 21-16 से हराया। इस युवा स्टार ने पहला सुपर 300 सीरीज टाइटल जीता है। प्रियांशु इस साल का पहला फाइनल खेल रहे थे। वे पिछले थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। तब भारतीय टीम ने 73 साल के इतिहास में पहली बार खिताब जीता था। 68 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले का पहला गेम राजावत ने 21-15 के अंतर से जीता। उसके बाद डेनमार्क के खिलाड़ी जोहानसन ने दूसरा गेम 21-19 से अपने नाम कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया, हालांकि इस गेम में जीत-हार का अंतर 2 रहा। शुरुआत में प्रियांशु 9-14 से पिछड़ रहे थे। फिर उन्होंने लगातार 7 अंक लेकर गेम में वापसी की, लेकिन 19 ऑल के स्कोर पर अनफार्स्ड इरर के कारण सर्विस गंवाई। उन्हें इस गलती का खामियाजा गेम के रूप में भरना पड़ा। दूसरा गेम गंवाने के बाद भारतीय स्टार ने निर्णायक गेम 21-16 से जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। धार (मध्यप्रदेश) के इस शटलर ने प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला सीधे गेम में जीतकर फाइनल में कदम रखा था। राजावत ने एक दिन पहले आयरलैंड के नहात एनगुएन को 21-12, 21-9 से परास्त किया था।

# आईपीएलः रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाकर केकेआर को दिलाई जीत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 का 13वां मुकाबला रोमांचक रहा। आखिरी ओवर में मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाकर केकेआर को तीन विकेट से जीत दिला दी। आखिरी ओवर में केकेआर को 29 रन चाहिए थे। पहली गेंद पर उमेश यादव ने एक रन लेकर स्ट्राइक रिंकू सिंह को दी। इसके बाद रिंकू ने लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिला दी। उन्होंने 21 गेंद में 48 रन की शानदार पारी खेली।

मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 204 रन बनाए। इसके जवाब में केकेआर की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 207 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। गुजरात टाइटंस की तरफ इस मैच में कप्तानी कर रहे राशिद खान ने हैट्रिक ली, लेकिन उनकी हैट्रिक के बाद भी टीम जीत नहीं सकी। गुजरात टाइटंस द्वारा मिले 205 रनों के बड़े लक्ष्य पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज 15 रन और चौथे ओवर में एन जगदीसन 6 रन बनाकर आउट हो गए। केकेआर ने शुरुआती पावरप्ले में दो विकेट पर 43 रन बनाए। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने कप्तान नितीश राणा के साथ मिलकर पारी को संभाला। वेंकटेश ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 12वें ओवर में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर भी 100 रन के पार हो गया। दूसरे छोर पर कप्तान राणा ने भी बड़े शॉट खेले और टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों ने 54 गेंदों पर शतकीय साझेदारी भी पूरी की। इस साझेदारी को गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने नितीश राणा को आउट कर तोड़ा। राणा ने 29 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। केकेआर का



चौथा विकेट वेंकटेश अय्यर के रूप में गिरा। अय्यर ने आठ चौके आर पांच छक्कों की मदद से 40 गेंद में 83 रन की शानदार पारी खेली। 17वें ओवर में राशिद खान ने हैट्रिक लेते हुए केकेआर के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया।

17वें ओवर की पहली गेंद पर आंद्रे रसल (1 रन), दूसरी गेंद पर सुनील नरेन (0) फिर तीसरी गेंद पर शार्दुल ठाकुर (0) को आउट कर हैट्रिक पूरी की। यहां मैच हारती हुई दिख रही केकेआर की टीम को रिंकू सिंह ने अपनी बल्लेबाजी से बचा लिया। उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और आखिरी ओवर में लगातार पांच छक्के लगाकर टीम को जीत दिला दी। रिंकू ने 21 गेंद में छह छक्कों और एक चौके के साथ 48 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

गुजरात टाइटंस की तरफ से राशिद खान ने तीन विकेट, अल्जारी जोसेफ ने दो, मोहम्मद शमी और जोशुआ लिटिल ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 204 रन बनाए। टीम के लिए ऑलराउंडर विजय शंकर ने सबसे ज्यादा 24 गेंदों में ताबड़तोड़ 63 रनों की पारी खेली। शकर ने अपनी पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाए। शंकर के अलावा साई सुदर्शन ने 38 गेंदों में 53 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लाए। इनके अलावा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने पांच चौकों की मदद से 31 गेंदों में 39 रन और ऋद्धिमान साहा ने 17 गेंदों में 17 रन बनाए। कोलकाता की ओर स्पिनर सुनील नरेन ने 3 विकेट और सुयश शर्मा ने एक विकेट लिया।

## शादी के बंधन में बंधी भारतीय हॉकी टीम की कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया कनाडा में बसे अंकित बल्हारा के साथ शादी के बंधन में बंध गई है। सविता पुनिया का विवाह कनाडा के सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंकित से हुआ। उनकी शादी कार्यक्रम में केवल परिवार और निजी रिश्तेदार ही शामिल रहे। बता दें कि अंकित ने दहेज रहित शादी कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की। उन्होंने दहेज के रूप में केवल 1 रुपये लिए है। दरअसल, सविता पुनिया ने अंकित बल्हारा से शादी कर ली है। अंकित कनाडा में बैंक में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। हालांकि, सविता फिलहाल भारत में ही रहेगी। सविता का लक्ष्य ओलंपिक है, इसलिए वह अपना खेल जारी रखेगी। इस बारे में सविता पुनिया ने कहा कि शादी के लिए थोड़ा सा समय ही निकल पाया। 26 मार्च को वो कैंप से छुट्टी लेकर आई है और 12 अप्रैल को वापस कैंप में शामिल होने जा रही है।

## एशियाई कुश्तीः भारत ने ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में एक रजत सहित जीते तीन पदक

**अस्ताना।** भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। रूपिन ने 55 किग्रा वर्ग में रजत जबकि नीरज (63 किग्रा, कांस्य) और सुनील कुमार (87 किग्रा, कांस्य) ने कांस्य पदक हासिल किए।

रूपिन का सामना 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक मुकाबले में ईरानी पहलवान डैड मर्ज से था। जुगरेंव ओपन चैंपियन मर्ज ने यह मुकाबला 3-1 से जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

वहीं, रूपिन को रजत से संतोष करना पड़ा। रूपिन ने इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 के रजत पदक विजेता कजाकिस्तान के अमंगली बेकबोलातोव को क्वार्टर फाइनल



में हराया था। सेमीफाइनल मुकाबले में रूपिन ने चीन के हैफेंग झांग को 3-1 से हराया था। नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में कोरिया के जिनसेब सोंग को 5-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए दूसरा कांस्य सुनील कुमार ने जीता, जिन्होंने 87 किग्रा वर्ग में जापान के मासाटो सुमी को 4-1 से हराया।

## विराट कोहली को आरसीबी के लिए ओपनिंग नहीं करनी चाहिएः इरफान पठान

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टाटा आईपीएल में अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापस लौट आई है। आरसीबी की टीम अब अपने अगले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी।

फाफ डु प्लेसिस की अगुआई वाली टीम बेंगलुरु के खचाखच भरे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपनी गलतियों से सीखकर जीत की लय जारी रखना चाहेगी। आरसीबी को आईपीएल में वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए, व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर रहने के बजाय एक इकाई के रूप में प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। आरसीबी के लिए विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसिस अब तक उनकी



बल्लेबाजी इकाई की रीढ़ रहे हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर के अनुसार, कोहली हाल ही में टी20 प्रारूप में बेहतरीन स्थिति में दिख रहे हैं, लेकिन निश्चित रूप से उन्हें टाटा आईपीएल 2023 में टीम के अन्य बल्लेबाजों के समर्थन की आवश्यकता होगी। टाटा आईपीएल के आधिकारिक टीवी प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए सुनील गावस्कर ने कहा, इस साल आरसीबी कोहली पर निर्भर है। अगर वह हर मैच में अच्छा खेलता है, तो आरसीबी के जीतने की संभावना बढ़ जाती है।

## आर्सेनल के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर लिवरपूल प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में बरकरार

**लंदन।** प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ और रोमांचक हो गई, जब लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने दो गोल की बढ़त के बावजूद लिवरपूल के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ के साथ ही लिवरपूल खिताब की दौड़ में बरकरार है।वहीं, इस ड्रॉ के साथ तालिका में शीर्ष पर आर्सेनल की बढ़त घटकर मैनचेस्टर सिटी पर छह अंक हो गई है। सिटी के पास अभी नौ मैच बाकी हैं, जबकि आर्सेनल के पास अब आठ मैच और हैं। मैच में आर्सेनल ने तेज शुरुआत की और मैच के 8वें मिनट में ही गेब्रियल मार्टिनेल ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसके बाद 28वें मिनट में गेब्रियल जीसस



ने एक और गोल कर आर्सेनल की बढ़त 2-0 कर दी। हालांकि इसके बाद मोहम्मद सालाह ने 42वें और राबर्टो फर्मिनो ने 87वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को 2-2 की बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

इससे पहले एर्लिंग हालांड के दो गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार शाम साउथेम्प्टन को 4-1 से हराकर अपनी चुनौती बरकरार रखी। सिटी के लिए हालांड के अलावा जैक ग्रीलिश और जूलियन अल्वारेज ने गोल किये, जबकि सेकोउ मारा ने घरेलू टीम के लिए एकमात्र गोल किया। इसके अलावा मैनचेस्टर यूनाइटेड, न्यूकैसल यूनाइटेड और टोटेनहम के बीच संघर्ष और तेज हो गया है। न्यूकैसल और ब्रेंटफोर्ड के बीच खेला गया मैच रोमांचक रहा। पहले हाफ के इंजरी टाइम में इवान टोनी के पेनल्टी की बदौलत ब्रेंटफोर्ड ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। लेकिन इसके बाद मैच के दूसरे हाफ में डेविड राया के आत्मघाती गोल और अलेक्जेंडर इसाक के बेहतरीन गोल की बदौलत न्यूकैसल ने 2-1 से आसान जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में स्कॉट मैकटोमिने और एंथोनी मार्शल के 1-1 गोलों की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन 2-0 से शिकस्त दी। वहीं, टोटेनहम ने सोन ह्युंग-मिन और हैरी केन को गोल की बदौलत ब्राइटन को 2-1 से हराया। ह्युंग-मिन का यह टोटेनहम के लिए 100वां गोल था। ब्राइटन के लिए एकमात्र गोल लुईस डंक ने किया।

## भारतीय महिला टीम ने किर्गिज गणराज्य को हराया, AFC महिला ओलम्पिक क्वालीफायर्स राउंड 2 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने डोलेन ओमुरजाकोव स्टेडियम में मेजबान किर्गिज गणराज्य को 4-0 से हराया। भारतीय टीम की चार में यह दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला टीम ने 2024 एएफसी महिला ओलम्पिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के राउंड दो में जगह बना ली। गौरतलब हो कि भारत ने मेजबान टीम को इस सप्ताह पहले मैच में 5-0 से हराया था। दूसरे मैच में पहले हाफ में 10 खिलाड़ी रह जाने के बावजूद भारत ने किर्गिज गणराज्य पर अपना दबदबा बनाए रखा। संध्या रंगनाथन ने दो गोल दागे, जबकि अंजू तमांग और स्थानापन्न रेनू ने एक-एक गोल किया। इसके बाद संध्या ने 18वें मिनट में पहला गोल दागा, जबकि अंजू तमांग ने 24वें मिनट में बढ़त को 2-0 पहुंचा दिया। संध्या ने दूसरे हाफ में भारत के लिए तीसरा गोल दागा। वहीं, स्थानापन्न रेनू ने गोल कर स्कोर 4-0 कर दिया। इस हफ्ते की शुरुआत में अपने पहले मैच में मेजबान टीम को 5-0 से हराने के बाद, भारत ने एक बार फिर किर्गिज गणराज्य पर अपना दबदबा कायम किया। भारत के शानदार प्रदर्शन से किर्गिज गणराज्य के डिफेंडरों की पोल खोल दी।

# पठान ने यश दयाल के लिए साझा किया मैसेज, आप चीजों को बदलने में सक्षम होंगे

**अहमदाबाद।** यश दयाल ने मौजूदा आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के अंतिम ओवर में जो भी कोशिश की, वास्तव में कुछ भी नहीं निकला क्योंकि रिंकू सिंह ने गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केकेआर को एक यादगार मैच जीतने में मदद करने के लिए 5 गेंदों में पांच छक्के मारे। विशेष रूप से 25 वर्षीय ने शुरू में यॉर्कर डालने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्य से यह अच्छी तरह से नहीं आया क्योंकि रिंकू ने उन्हें पूरी तरह से फेल कर दिया। इसके बाद तेज गेंदबाज को निराश देखा गया जबकि इरफान पठान और रोहित शर्मा जैसे क्रिकेटरों ने उन्हें ट्विटर पर सांत्वना दी और उन्हें



इससे सीखने के लिए कहा। 173 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पठान ने दयाल को मजबूत बने रहने के लिए कहा क्योंकि चीजों को बदलने का यही एकमात्र तरीका है। पूर्व क्रिकेटर ने उन्हें केकेआर के खिलाफ मैच को भूलने के लिए कहा, ठीक उसी तरह जैसे कोई अगले दिन जाने के लिए एक अच्छे दिन को भूल जाता है। पठान ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'यश दयाल दोस्त आज के खेल के बारे में भूल जाओ जैसे कि तुम अगले दिन मैदान पर जाते अच्छे दिनों के बारे में भूल जाते हो। अगर आप मजबूत बने रहेंगे, तो आप चीजों को बदलने में सक्षम होंगे। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटन्स ने 20 ओवर में 204 रन बनाए। हार्दिक पांड्या की जगह विजय शंकर ने 24 गेंदों में 63* रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि युवा खिलाड़ी साई सुदर्शन ने 38 गेंदों में 53 रन बनाए। कोलकाता के लिए नरेन ने गेंद से तीन विकेट चटकाए लेकिन अन्य गेंदबाज फीके दिखे और यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसे दो बार के चैंपियन को तुरंत संबोधित करने की आवश्यकता है।

# किसान परिवार से आता हूं, मेरा हर छक्का मेरे लिए संघर्ष करने वालों को समर्पित : रिंकू

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी पांच गेंद में पांच छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में रविवार को यादगार जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह ने अपने हर छक्के को उनके लिए संघर्ष करने वाले परिवार को समर्पित किया।

रिंकू उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के बेहद सामान्य परिवार से आते है। उनके पिता घरों में गैस सिलेंडर की पहुंचाने का काम करते थे। परिवार को कर्ज के बोझ से बाहर निकालने के लिए रिंकू उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम के खिलाड़ी के तौर पर मिलने वाले वजीफे को बचाने के साथ घर में नौकर का काम भी कर चुके हैं। उन्होंने 21 गेंद में छह छक्के और एक चौका लगाकर गुजरात के जबड़े से जीत छीन ली। इस 25 साल के खिलाड़ी ने पिछले सत्र



में भी 15 गेंद में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इस मैच के आखिरी ओवर में टीम जीत के लिए जरुरी 21 रन नहीं बना पाई थी। रिंकू ने गुजरात के खिलाफ यादगार पारी खेलने के बाद कहा, '' मुझे यकीन था कि मैं यह कर सकता हूं। पिछले साल मैं लखनऊ में ऐसी ही स्थिति में था। विश्वास तब भी था। मैं ज्यादा सोच नहीं रहा था बस एक के बाद एक शॉट लगाते चला गया।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पिता ने बहुत संघर्ष किया, मैं एक किसान परिवार से आता हूं. हर गेंद जो मैंने मैदान से बाहर मारी वह उन लोगों को समर्पित थी जिन्होंने मेरे लिए इतना बलिदान दिया।'' केकेआर के कप्तान नीतिश राणा ने कहा, '' रिंकू ने पिछले साल ऐसा ही कुछ किया था, हालांकि हम वह मैच नहीं जीत पाए थे। गुजरात के खिलाफ जब दूसरा छक्का लगा तो हमने और विश्वास करना शुरू कर दिया क्योंकि यश दयाल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे थे। सारा श्रेय रिंकू सिंह को जाता है।''

# इस विकेट पर 175 से 180 का स्कोर अच्छा होता : धवन

**हैदराबाद।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने यहां कहा कि अगर उनकी टीम ने 175-180 का स्कोर बनाया होता तो फिर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच का परिणाम भिन्न हो सकता था। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर मयंक मार्कंडेय (15 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बावजूद कप्तान शिखर धवन के नाबाद 99 रन की मदद से नौ विकेट पर 143 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स ने इसके जवाब में राहुल त्रिपाठी के नाबाद 74 रन की मदद से 17.1 ओवर में दो विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। धवन ने मैच के बाद कहा,'' बल्लेबाजी करते



हुए हमने निरंतर अंतराल में विकेट गंवाए और बड़ा स्कोर नहीं बना सके। इसलिए हमें इस मैच में हार झेलनी पड़ी। इस विकेट पर 175 से लेकर 180 रन का स्कोर अच्छा होता।''

उन्होंने कहा,'' विकेट अच्छा था लेकिन इस पर गेंद सीम और स्विंग ले रही थी। हमें इस मैच से काफी सबक मिला और हम विश्लेषण करेंगे कि हम कहां और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।''

सनराइजर्स के कप्तान एडन मार्कराम ने मार्कंडेय की तारीफ की और कहा कि इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद की जगह इस भारतीय स्पिनर को खिलाने का फैसला सही साबित हुआ। मार्करम ने कहा,''यह अच्छा फैसला नहीं था लेकिन मार्कंडेय ने इसे सही साबित कर दिया। मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। उसने शानदार गेंदबाजी की। उसने वास्तव में मौके का पूरा फायदा उठाया। वह काफी चर्चा में रहा है और उसने साबित कर दिया कि यह सही है।''

**मार्कंडेय और त्रिपाठी ने दिलाई सनराइजर्स हैदराबाद को पहली जीत**

लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय की शानदार गेंदबाजी और राहुल त्रिपाठी के अर्धशतक की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने शिखर धवन की नाबाद 99 रन आकर्षक पारी पर पानी फेरकर पंजाब किंग्स को रविवार को यहां 17 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से पराजित करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। धवन ने शुरू से लेकर आखिर तक एक छोर संभाले रखा और पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाले पंजाब को नौ विकेट पर 143 रन का सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने अपनी पारी में 66 गेंदें खेली तथा 12 चौके और पांच छक्के लगाए। उनके अलावा केवल सैम करेन (15 गेंदों पर 22 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। धवन ने मोहित राठी के साथ दसवें विकेट के लिए 30 गेंदों पर 55 रन की अटूट साझेदारी की। इसमें राठी का योगदान दो गेंदों पर एक रन था। सनराइजर्स की तरफ से मार्कंडेय ने 15 रन देकर चार विकेट लिए।

